जिले में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 88 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

डीएम और एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



केन्द्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

अमेठी । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत जनपद में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो गया। जनपद के सभी 9 मतदान केंद्रों पर प्रात: 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान हुआ। इस दौरान जनपद में कुल 88.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी सुबह से ही लगातार भ्रमणशील रहे। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील गौरीगंज विकासखंड जामों विकासखंड जगदीशपुर विकासखंड मुसाफिरखाना विकासखंड सिंहपुर सुभाष पशुपतिनाथ इंटर कॉलेज तिलोई तथा विकासखंड बहादुरपुर के अंतर्गत स्थित मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखी गई जिससे मतदान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

प्रतापपुर कमैचा ब्लाक परिसर में बने बूथ पर कुल 66 में से 59 शिक्षकों ने किया मतदान

चांदा गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव के तहत गुरुवार को विकास खंड प्रतापपुर कमैचा के ब्लॉक मुख्यालय पर बनाए गए मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। यहां कुल 66 शिक्षक मतदाताओं में से 59 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने वालों में 44 पुरुष और 15 महिला शिक्षक शामिल रहीं। इस प्रकार बूथ पर कुल 59 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी डॉ. प्रेमचंद अपने सहयोगियों के साथ पूरे समय बूथ पर मौजूद रहे। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शिक्षक मतदाताओं का मतदान कराया। वहीं, सेक्टर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र चौधरी भी मतदान केंद्र पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मतदान केंद्र पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस बल की मुस्तैदी के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बूथ के बाहर सक्रिय रहे प्रत्याशियों के समर्थक मतदान केंद्र के बाहर विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थकों ने अलग-अलग स्थानों पर टेंट लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में शिक्षकों से बातचीत करते और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आए। पूरे दिन मतदान केंद्र के बाहर राजनीतिक गतिविधियां बनी रहीं।

दोपहर के समय समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के समर्थन में लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय भी प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पार्टी की ओर से लगाए गए टेंट में बैठकर शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव, उपाध्यक्ष उदय यादव, पप्पू, दिनेश चंद्र यादव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष भजन यादव तथा पटवा इंटर कॉलेज रामपुर के प्रबंधक केपी पटवा सहित बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद रहे।वहीं भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थन में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी और अमित त्यागी अपने मंडल पदाधिकारियों एवं समर्थकों के साथ मतदान केंद्र के बाहर लगाए गए टेंट में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से संवाद किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। भाजपा की ओर से चल रही गतिविधियों की निगरानी जिला मंत्री अरुण कुमार जायसवाल कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, समर बहादुर सिंह, धनंजय प्रताप, नारायण ओझा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुल मिलाकर प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय पर शिक्षक एमएलसी चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं मतदान व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे। मतदान के दौरान बूथ के बाहर विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थक अपनी-अपनी गतिविधियों में जुटे रहे।

एक नजर

कड़ेरगांव में लगा शिविर

भेंटुआ अमेठी। विकासखंड भेंटुआ की न्याय पंचायत भेंटुआ के कड़ेरगांव पंचायत भवन में शुक्रवार को सती महारानी जनकल्याण समिति और अमेठी आई हॉस्पिटल की ओर से नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें 235 मरीजों की आंखों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श और प्राथमिक उपचार दिया गया। जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि मोतियाबिंद से पीड़ित 16 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अमेठी आई हॉस्पिटल भेजा गया।शिविर में समिति की अध्यक्ष एवं अमेठी की पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह और उनकी पत्नी शांभवी सिंह मौजूद रहीं। अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि अमेठी के लोगों का स्नेह उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। समिति जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शांभवी सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों को समय पर उपचार और सहायता उपलब्ध कराना ही जनसेवा है।शिविर के साथ आयोजित जनसमस्या समाधान गोष्ठी में ग्रामीणों की आवास, पेंशन, बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और श्रम विभाग से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं। समिति ने अन्य न्याय पंचायतों में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।इस मौके पर प्रधान पवन सिंह, दिलीप कनौजिया, पूर्व प्रधान श्याम बिहारी सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कल्लू सिंह, राजू तिवारी, राज नारायण सिंह उर्फकालू, जमुना प्रसाद यादव, विनोद मौर्य, राममूर्ति मिश्र और चंद्रभान वनवासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

अमेठी । लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर गुरुवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कादूनाला चौकी से आगे एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।मिली जानकारी के अनुसार हादसा बीती देर रात थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र में हुआ। बाइक संख्या यूपी 72 बीएफ 8584 पर सवार दो युवक लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान रोहित उम्र 25 वर्ष पुत्र रामलाल पासी निवासी ग्राम जमुआ और बृजेश उम्र 22 वर्ष पुत्र भोदू पासी निवासी ग्राम अटहरा थाना घुंघटेर जिला बाराबंकी के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी की। सीसीटीवी फुटेज से वाहन की तलाशहादसे के बाद वाहन चालक के फरार होने पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी अजयेंद्र पटेल ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

नियमों के उल्लंघन पर उर्वरक विक्रेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

अमेठी। जनपद में किसानों को उनकी मांग के अनुरूप निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर लगातार निरीक्षण एवं छापेमारी की जा रही है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उर्वरक बिक्री में अनियमितता ओवररेटिंग अथवा अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-अनुदानित उत्पादों की टैगिंग पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करने के साथ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उप कृषि निदेशक ने निर्देश दिए कि सभी फुटकर उर्वरक विक्रेता बिक्री रजिस्टर में क्रेता किसान का मोबाइल नंबर खतौनी नंबर तथा फार्मर आईडी नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। किसानों को उनकी बोई गई फसल के अनुसार निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। इसके तहत प्रति हेक्टेयर अधिकतम पांच बोरी डीएपी तथा सात बोरी यूरिया की बिक्री की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी गैर-अनुदानित उर्वरक की टैगिंग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता के प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर रेट बोर्ड कैश मेमो तथा भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान से संबंधित फ्लेक्सी बोर्ड अथवा वॉल राइटिंग उपलब्ध होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक में किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। स्टॉक वितरण रजिस्टर में अनुदानित उर्वरकों के अतिरिक्त जिंक माइक्रो न्यूट्रिएंट्स सल्फर तथा जैविक एवं जैव उर्वरकों का विवरण भी अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उप कृषि निदेशक ने चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान टैगिंग निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं का लाइसेंस निरस्त करने के साथ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। उर्वरक वितरण के दौरान पीओएस मशीन अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर किसान जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जनगणना ड्यूटी से मुक्ति के प्रार्थना पत्रों की जांच करेंगे नोडल अधिकारी

अमेठी। जनगणना 2027 के तहत नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को ड्यूटी से मुक्त किए जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चिकित्सकीय अथवा अन्य आधारों पर जनगणना ड्यूटी से मुक्त किए जाने के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के परीक्षण हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। इस क्रम में उन्होंने समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ड्यूटी से मुक्ति के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों से संबंधित अभिलेखों और अपनी तथ्यात्मक टिप्पणी सहित प्रकरण मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं एवं इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी प्रकरण का परीक्षण करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभाग अथवा मुख्य चिकित्साधिकारी से अभिमत प्राप्त करेंगे तथा इसके आधार पर स्पष्ट संस्तुति के साथ आख्या जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्तुतिपरक आख्या के आधार पर निर्णय संबंधित चार्ज अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा तथा इसके बाद ही चार्ज अधिकारी नियमानुसार संबंधित कार्मिक को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने की कार्रवाई करेंगे।

कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, रायबरेली

सं0-12/रीडर-न0मजि0-विवाह/2026 दिनांक- 01 अक्टूबर, 2026

नोटिस

मेरे समक्ष दिनांक 01.10.2026 को उपस्थित होकर अनुज शर्मा पुत्र श्री देव सहाय निवासी ग्राम सोहवल पोस्ट-दीपेमऊ थाना लालगंज तहसील डलमऊ जिला रायबरेली एवं मीनू देवी पत्नी श्री शिवलाल निवासी ग्राम सोहवल, पोस्ट-दीपेमऊ थाना लालगंज, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली ने विशेष विवाह अधिनियम-1954 के अन्तर्गत आशयित विवाह हेतु नोटिस प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05.11.2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नगर मजिस्ट्रेट/ विशेष विवाह अधिकारी रायबरेली।

विंग्स ओवर गंगा में कमेंट्री करेंगे स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित

मुंशीगंज अमेठी । वाराणसी में आयोजित होने वाले विंग्स ओवर गंगा हवाई प्रदर्शन में क्षेत्र स्थित इंडो रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड में उप महाप्रबंधक स्क्वाड्रन लीडर सुबोध दीक्षित कमेंट्री करेंगे। भारतीय वायुसेना ने उन्हें इस आयोजन के लिए आधिकारिक कमेंटेटर नियुक्त किया है। वह हवाई प्रदर्शन के दौरान विमानों की विशेषताओं और करतबों की जानकारी देंगे। वायुसेना से सेवानिवृत्त सुबोध दीक्षित मूल रूप से कानपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 14 दिसंबर 2013 को भारतीय वायुसेना में नियुक्ति प्राप्त की थी।

एक नजर

डॉ पीके पाण्डेय ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ



सुल्तानपुर माँ उर्मिला सेवा संस्थान ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, जरूरतमंद मरीजों को मिली स्वास्थ्य सहायताराष्ट्रीय सचिव भावना राय के नेतृत्व में समाजसेवा की सराहनीय पहल, चिकित्सकों ने किया शिविर का उद्घाटनप्रयागराज। समाजसेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से माँ उर्मिला सेवा संस्थान द्वारा डाकखाना चौराहे पर शाम 7 बजे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सुप्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पी. के. पांडेय ने किया। शिविर में जरूरतमंद एवं अस्वस्थ मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में डॉ. कुलदीप पांडेय, डॉ. ए. के. सोनी, डॉ. आरती सेठ डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी , डॉ. ए. एम. रिबेलो, डॉ. अंजालिका रिबेलो, डॉ. विवेक श्रीवास्तव एवं डॉ. संजय मिश्रा डॉ आर आर मिश्रा उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए जरूरतमंद लोगों की सहायता के इस प्रयास में सहभागिता की। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय सचिव भावना राय की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनके साथ शिक्षिका श्रीमती गिरीश जायसवाल, अवधेश मिश्रा, अतिथिगण ओम प्रकाश उपाध्याय, संस्कार राय, स्पर्श राय तथा संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सहयोगी भी मौजूद रहे।

साढ़ापुर में सर्प डंस से बालिका की मौत

चांदा स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के साढापुर गांव में एक किशोरी को सांप ने काट लिया ।इसके बाद परिजन उसे प्राइवेट चिकित्सालय ले गए । जहां पर उसकी मौत हो गई ।गुरुवार सुबह दीपिका उम्र 18 वर्ष पुत्री स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम साढापुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर अपने कच्चे घर में घरेलु कार्य कर रही थी ।इसी दौरान घर में मौजूद सांप ने डस लिया । जिससे उसकी हालत बिगड़ गई ।जिसके बाद परिजन दीपिका को जिला चिकित्सालय इलाज के लिए गए । जहा चिकित्सको ने इलाज के बाद लखनऊ रेफर कर दिया ।जिसकी रास्ते में मौत हो गई ।जिसके बाद परिजन शव को लेकर चांदा कोतवाली पहुंचे । लिखित सूचना परिजनों ने कोतवाली में दी ।जिसके बाद चांदा कोतवाली द्वारा दीपिका के शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए जिला भेजवाया गया ।दीपिका कक्षा ग्यारहवी की छात्रा थी ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि परिजन शव लेकर कोतवाली आए इसके बाद शव का पंचनामा करके उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

रजनी तिवारी का दावा-11 सीटों पर जीतेगी भाजपा

हरदोई। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। उन्होंने विधान परिषद चुनाव में भाजपा की सभी 11 सीटों पर भारी बहुमत से जीत का दावा किया। उन्होंने लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उमेश द्विवेदी के पक्ष में माहौल होने की बात कही। सपा की ओर से चुनाव में गड़बड़ी और खोट-नोट के आरोपों पर पलटवार करते हुए रजनी तिवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हार से पहले ही बहाने बनाने लगती है। उन्होंने समान नाम वाले प्रत्याशियों को उतारने को विपक्ष की रणनीति बताया। कहा कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतने के लिए काम करती है।

शिक्षा का अपराधीकरण सपा सरकार में हुआ

हरदोई। आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने राजकीय इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में शिक्षा का अपराधीकरण हुआ और नकल विरोधी कानून को रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए किस सरकार ने काम किया। नितिन अग्रवाल ने विपक्ष पर चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतंत्र के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब चुनाव बैलेट पेपर से हो रहा है तो विपक्ष को परेशानी क्यों है। उन्होंने भाजपा के स्नातक प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह और शिक्षक प्रत्याशी उमेश द्विवेदी की पिछले चुनाव से अधिक मतों के अंतर से जीत का दावा किया।

कछौना में सपा-भाजपा समर्थक आमने-सामने

कछौना (हरदोई)। लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान कछौना में सपा और भाजपा समर्थकों के बीच टकराव हो गया। भाजपा प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह और सपा प्रत्याशी कांति सिंह के समर्थक आमने-सामने आ गए। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह ने गाली-गलौज की और प्रतीक गुप्ता को अधिवक्ता रविकांत पटेल पर हमला करने के लिए उकसाया। इसके बाद प्रतीक गुप्ता अधिवक्ता की ओर दौड़ा, लेकिन पुलिस ने उसे रोक लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हंगामे की सूचना पर एडीएम और एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति सामान्य कराई।

शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव

शाहाबाद (हरदोई)। तहसील परिसर में शुक्रवार को लखनऊ खंड के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के विधान परिषद चुनाव के लिए सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान हुआ। चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह मतदान की गति सामान्य रही, जबकि दोपहर बाद बूथों पर मतदाताओं की कतारें दिखाई दीं। मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने के कारण कुछ मतदाताओं को निराश होकर लौटना पड़ा।

कहीं मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी तो कहीं खुले में दारूबाजी

सुलतानपुर कोतवाली नगर के सीताकुंड पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दुर्गा पूजा के दौरान एक तरफ चोर दुकानों को निशाना बना रहे हैं तो दूसरी तरफ गोपालदास पुल के पास स्थित शराब ठेके के आसपास शाम होते ही दारूबाजों का जमावड़ा लग रहा है। सुपर मार्केट में लाखों की चोरी - शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सुपर मार्केट स्थित मोबाइल दुकानदार सलमान को पता चला कि उसकी दुकान का ताला टूटा है। बीती रात 1 से 1:30 बजे के बीच चोरों ने शटर को लोहे की सरिया से किनारे से उखाड़ा और अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान से लगभग 20 से 25 नए मोबाइल फोन, ईयरबड, चार्जर और करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। नुकसान करीब 5 से 6 लाख रुपये बताया जा रहा है।

शिक्षक निर्वाचन में सुलतानपुर में 84.17 प्रतिशत मतदान, 2255 मतदाताओं ने डाले वोट

जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान



सुलतानपुर, गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत जनपद सुलतानपुर में मतदान शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। जनपद में कुल 84.17 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर के साथ ही क्षेत्र पंचायत कार्यालय कूरेभार, जयसिंहपुर, कादीपुर एवं लम्भुआ स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 11 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर कुल 2,679 मतदाता पंजीकृत थे। मतदान की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। उनके माध्यम से सभी मतदान केंद्रों पर निगरानी रखी गई और प्रत्येक घंटे मतदान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाती रही। जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय से मतदान शुरू हुआ। मतदान के दौरान किसी भी केंद्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

अमावां ब्लॉक प्रभारी सपा नेत्री पूनम सिंह ने विधान परिषद निर्वाचन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली। लखनऊ खंड शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद निर्वाचन के दौरान समाजवादी पार्टी की अमावा ब्लॉक प्रभारी पूनम सिंह ने अमावा ब्लॉक, राही ब्लॉक, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और जीआईसी इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती कांती सिंह एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी श्री सुशील कुमार के समर्थन में पार्टी की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पूनम सिंह ने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष योगेश पटेल (कल्लू चौधरी), अमावा ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव सहित समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में जुटे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की भी सराहना की गई।--

हाँ मैं चाहता हूँ, तख्ता पलट करना: ओपी

रायबरेली। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के इस्तीफे की मांग को लेकर किए जा रहे आन्दोलन पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आन्दोलन कर रिजीम चेंज करना चाहते हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तख्ता पलट करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि हाँ मैं चाहता हूँ, तख्ता पलट करना। श्री यादव ने कहा कि भारतीय संविधान हमें यह अधिकार देता हैं कि हम लोकतांत्रिक ढंग से सरकार चुन सकें एवं सत्ता बैठे लोगों को सत्ता से बाहर कर सकूँ। वर्तमान सरकार भारतीय संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं को कठपुतली बना दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के जरिए वोट चोरी कराके सत्ता में बैठे लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए आन्दोलन आवश्यक है। जब सड़के सूनी हो जाती है तो सिस्टम आवारा हो जाता है। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जिन्दा कौमे पाँच साल इन्तजार नहीं करती है। 1974 के जे.पी. आन्दोलन में नारा दिया गया था कि सच कहना अगर बगावत है तो समझो हम भी बागी है। आज जनता आवाज दे रही है कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। प्रधानमंत्री जी याद रखो जो हांथ अंगारे का छिपाता है, अंगारा उसी हाथ को जला देता है। ज्ञानेश कुमार गुप्ता को बचाने के चक्कर में अब जनता के आक्रोश की आंच प्रधानमंत्री व गृहमंत्री तक पहुँच गयी है। गुलशन में जब किसी गुल का कत्लेआम होता है, सबब कुछ भी बागवां बदनाम होता है। अब समय आ गया है कि इस्तीफा ज्ञानेश कुमार गुप्ता से नहीं बल्कि प्रधानमन्त्री से मांगा जाय। कच्छे बदल देने से दस्त नहीं बन्द होते हैं। पेट का ईलाज करना पड़ता है। धर्मेन्द्र प्रधान हो या ज्ञानेश कुमार गुप्ता इनके इस्तीफे से सिस्टम सही नहीं होगा। सिस्टम सही करने के लिए प्रधानमंत्री का इस्तीफा समय की मांग है। वोट चोरी का प्रभाव इसी से समझ लीजिए कि उ.प्र. में विधान सभा की मतदाता सूची जो तैयार की गयी है। उसमें वोटरों की संख्या 13 करोड़ 39 लाख है, जबकि उ0प्र0 में जो पंचायत चुनाव, टाउन एरिया, नगर पालिका परिषद एवं नगर निगम में जो मतदाता सूची प्रकाशित की गयी है

दो दिन से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती का तालाब में मिला शव

शाहाबाद(हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के नगला भगवान गांव में शुक्रवार को तालाब में 20 वर्षीय सुलोचना पुत्री सुरेश कश्यप का शव उतराता मिला। परिजनों के अनुसार, युवती पिछले दो वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर से बिना बताए निकल गई थी। काफी तलाश के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे उसकी चप्पलें मिलीं, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को शव मिलने की सूचना पर आंझी चौकी के उपनिरीक्षक विपिन चंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी शाहाबाद संतोष कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय मामले की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी

रायबरेली। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर.वी. सिंह ने बताया कि निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊद्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गई है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों तथा छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की अवधि 23 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। कक्षा 11-12 को छोड़कर प्रदेश में पूर्व से सम्मिलित संस्थानों को पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क तथा पाठ्यक्रमवार एफिलिएटिंग एजेंसीध्विश्वविद्यालय के नाम आदि

शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

अम्बेडकरनगर। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने मारपीट अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों को लेकर एक महिला न्याय के लिए भटक रही है। पीड़िता का आरोप है कि आलापुर थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 16 अक्टूबर को उसने एसपी प्राची सिंह के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उसका दावा है कि एसपी ने थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।मामला रामनगर महुवर ;डिहवाद्ध गांव का है। पीड़िता के अनुसारए करीब चार वर्ष पहले उसे शादी का भरोसा देकर साथ ले जाया गया था। बाद में वह गर्भवती हुई और 16 मार्च 2023 को बेटे को जन्म दिया। आरोप है कि इसके बाद युवक ने उससे दूरी बना ली और मई 2024 में मारपीट कर उसे दिल्ली से वापस भेज दिया।

वंदे भारत से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत

अंबेडकरनगर। जनपद में शुक्रवार को एक दर्दनाक रेल हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना एरौली थाना क्षेत्र में अटवाई क्रॉसिंग के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से वाराणसी की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में अचानक दो महिलाएं आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर उनकी पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी महिलाओं के संबंध में जानकारी जुटाईए लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस द्वारा आसपास के गांवों और थानों से भी संपर्क कर महिलाओं की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 27 अक्टूबर तक करें आवेदन

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के पारंपरिक कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए राजमिस्त्री, नाई एवं मोची ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर 27 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह रायबरेली जनपद का निवासी और संबंधित पारंपरिक कारीगरी से जुड़ा होना चाहिए। योजना के लिए शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो तथा आवश्यक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।